# प्रेस नोट

## आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार

दिनांक: 16 अप्रैल 2025

समय: 9:00 अपराह्न

16 अप्रैल, सुबह 10:30 में मुजफ्फरपुर के सकरा प्रखंड के रामपुर मणि गांव में सिलेंडर लीक की वजह से आग लगने की घटना सामने आई है। अग्निकांड में लगभग 12 से 15 घर जल गए है, जिसमें 04 बच्चों की झुलसने से मृत्यु हो गई.

आग बुझाने का कार्य फायर ब्रिगेड की 03 बड़ी और 04 छोटी गाड़ी के द्वारा चल रहा है. सकरा अंचलाधिकारी द्वारा बताया गया कि आग पूरी तरह से बुझा दिया गया है. अग्निपीड़ितों के लिए कम्युनिटी किचेन का संचालन किया जा रहा है. चारों शव का पोस्टमार्टम हेतु भेजा जा चुका है. आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मृतकों के परिजनों को शीघ्र आनुग्रहिक राशि देने के निर्देश दिए हैं. अगलगी की वजह से जिनके बैंक पासबुक भी जलकर नष्ट हुए, उनके खाते में भी शीघ्र आनुग्रहिक अनुदान भेजने के निर्देश दिए गए हैं.

दूसरी ओर बंदरा अंचल ग्राम मतलूपुर थन हत्था में लगभग तीन बजे लाइन सरकिट से आग लागि थी। एक बड़ी और एक छोटी अग्निशमन वाहन से आग को बुझा दिया गया। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत कार्य संचालित किए जा रहे हैं, ताकि पीड़ितों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जा सके।

**सकरा अंचल (मुज़फ़्फ़रपुर जिला):**

1. 4 मृतकों के निकटतम परिजनों को 4 लाख रुपये की दर से कुल ₹16 लाख की अनुग्रह राशि का वितरण किया गया है।

2. तत्काल आश्रय व्यवस्था हेतु 59 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया गया है।

3. 1 सामुदायिक रसोई केंद्र संचालित की जा रही है, जहां प्रभावित जनों के लिए पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

4. कई पीड़ितों के दस्तावेज नष्ट हो जाने के कारण अनुग्रह राहत (GR) का वितरण शीघ्र ही सत्यापन उपरांत किया जाएगा।

**बंदरा अंचल (मुज़फ़्फ़रपुर जिला):**

1. कोई जनहानि दर्ज नहीं की गई है।

2. 14 पॉलिथीन शीट्स का वितरण प्रभावित परिवारों को किया गया है।

3. 1 सामुदायिक रसोई केंद्र कार्यरत है, जो विस्थापितों की भोजन संबंधी आवश्यकता को पूरा कर रहा है।

4. अनुग्रह राहत (GR) का वितरण कल तक कर दिया जाएगा।